# चंदौली में बनेगा पूर्वांचल का पहला प्राइवेट औद्योगिक पार्क

**NBT न्यूज, वाराणसी**

वाराणसी से सटे चंदौली जिले में पूर्वांचल का पहला प्राइवेट औद्योगिक पार्क बनेगा। पार्क के स्थापना की पहल रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन ने की है। 50 एकड़ एरिया में बनने वाले पार्क के लिए पीडीडीयू नगर-चकिया मार्ग पर चंदाइत में 30 एकड़ जमीन खरीदी जा चुकी है। बाकी 20 एकड़ और जमीन खरीदने का काम चल रहा है। रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्या ने बताया कि सरकार के प्लेज पार्क पॉलिसी के अंतर्गत प्राइवेट औद्योगिक पार्क बनाया जा रहा है। इस पार्क में 75 औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित होंगे। इससे करीब पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

**50 एकड़ में 75 इकाइयां होंगी स्थापित**

पार्क में सीसी सड़क, 10 एमवी का पावर हाउस, सीसी ड्रेन व अन्य सुविधाएं होंगी। अगले तीन महीने में पार्क के लिए जमीन खरीदने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ मिट्टी भराई और समतलीकरण का काम दिसंबर तक पूरा किए जाने का लक्ष्य है। बता दें कि चंदौली में रामनगर इंडस्ट्रियल एरिया के बाद यह दूसरा औद्योगिक आस्थान होगा।